UPSI180015062021
न्यायालय Civil Judge Junior Division, Mahmoodabad, Sitapur
पीठासीन अधिकारी- (Amit Singh), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02519

मूलवाद सं० Civil Suit/280/2021

<u>श्रीमती श्यामा देवी बनाम खण्ड विकास अधिकारी आदि</u>

17.08.2021

वादिनी द्वारा अधिवक्ता श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव के माध्यम से वाद–पत्र बाबत स्थाई निषेधाज्ञा प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

आदेश

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादिनी पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा दिनांक 16.09.2021 एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 24.09.2021 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

प्रार्थनापत्र 6ग2–

वादिनी के विद्वान अधिवक्ता को प्रार्थना–पत्र 6ग2 अर्न्तगत आदेश 39 नियम 1 सी0पी0सी0 पर एकपक्षीय रूप से सुना गया तथा पत्रावली का सम्यक् परिशीलन किया गया।

पत्रावली के सम्यक् परिशीलन के आधार पर यह विदित होता है कि वादिनी द्वारा उपरोक्त प्रार्थना–पत्र के माध्यम से स्वयं को गाटा सं0 247 रक्बा 1.139 स्थित ग्राम कुन्सड़ा परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर की संक्रमणीय भूमिधर एवं मालिक होने, प्रतिवादीगण द्वारा वादिनी के गाटा सं0 247 के उत्तरी सीमा की मेड़ से एक गड़ठा (4 मीटर) अन्दर खेत में लगी फसल को नष्ट करके खेत की मिट्टी खोदकर वादिनी के खेत में अवैध चकमार्ग पटवाकर सड़क बनाये जाने का प्रयास करने का अभिकथन करते हुए दौरान वाद वादग्रस्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने तथा जबरन उसपर कब्जा कर एवं मिट्टी खोदकर चकमार्ग पटवाये जाने से प्रतिवादी/विपक्षीगण सं0 1 ता 3 को निषेधित किये जाने की याचना की गई है। वदिनी की ओर से सूची 9ग से 10ग खतौनी, 11ग खसरा प्रस्तुत किया गया है।

वादिनी की ओर से विवादित भूमि के मौके की स्थिति को स्पष्ट किये जाने के सम्बन्ध में न तो वाद–पत्र के साथ कोई नक्शा दाखिल किया गया है और न ही नक्शा जिल्द चकबन्दी दाखिल किया गया है। अतः मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए बिना विपक्षीगण को सुनवाई का अवसर दिये प्रार्थना–पत्र 6ग2 पर एकपक्षीय रूप से कोई अन्तरिम आदेश पारित किया जाना न्यायोचित नहीं होगा।

आदेश

विपक्षीगण को नोटिस जारी हो। प्रार्थिनी पैरवी करे। विपक्षीगण से आपत्ति आमन्त्रित की जाय। पत्रावली वास्ते आपत्ति निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक 02.09.2021 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

प्रार्थना–पत्र 8ग2

प्रार्थिनी/वादिनी की ओर से प्रार्थना–पत्र 8ग2 बाबत जारी किये जाने कमीशन प्रस्तुत किया गया।

सुना प्रपत्रों का अवलोकन किया।

न्यायहित में प्रार्थना–पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। न्यायालय अमीन/कमिश्नर को कमीशन कार्य हेतु रिट जारी हो। प्रार्थिनी/वादिनी पैरवी करे। बाद पैरवी कमिश्नर नियत तिथि तक कमीशन कार्य निष्पादित कर अपनी आख्या व पैमाईशी मानचित्र प्रस्तुत करें।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP02519

<u>अजय/स्टेनो</u>

Digitally signed by Amit Singh
Date: 2021.08.17 17:23:52 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmoodabad, Sitapur.